भास्कर खास • वित्त विभाग को 1-1 थाने का भेजा प्रस्ताव, जल्द मंजूरी की संभावना

# बजट में पुलिस के 5500 पद की घोषणा थी, गृह विभाग ने 3500 बढ़ाकर 9000 का प्रस्ताव भेजा

मनोज शर्मा | जयपुर

राज्य में युवाओं के लिए अच्छी खबर है। खासकर, उनके लिए जो पुलिस महकमे में भर्ती होने की तैयारियों में जुटे हैं। गृह विभाग ने बजट में प्रस्तावित 5500 पदों को बढ़ाकर करीब 9000 किए जाने का एक प्रस्ताव वित्त विभाग को भिजवाया है यानी बजट घोषणा से करीब 3500 पद ज्यादा।

इससे युवाओं के लिए पुलिस भर्तियों में अवसर और बढ़ेंगे। गृह विभाग ने गत शुक्रवार को एक-एक थाने, पुलिस चौकी, साइबर थाने, एसपी, सीओ दफ्तर, पुलिस पेट्रोलिंग टीम और नई पुलिस बटालियनों के प्रस्ताव भेजे हैं। जिसमें बताया गया है कि कांस्टेबल से लेकर एएसपी तक के लिए नौ हजार पदों की आवश्यकता होगी। इसमें आईपीएस के पद भी शामिल है। गृह विभाग के प्रस्ताव पर वित्त विभाग की जल्द ही मुहर भी लग सकती है, क्योंकि, दोनों ही महकमे मुख्यमंत्री के पास ही हैं।

## गृह विभाग का तर्क

### 3000 पदों की आवश्यकता आरएससी बटालियन के लिए

मुख्यमंत्री ने बजट में आरएएसी की तीन बटालियनों की घोषणा की थी। एक बटालियन में कमांडेंट से लेकर सिपाही तक एक हजार पदों की आवश्यकता होती है। इसलिए, तीन बटालियन मतलब तीन हजार पद।

### 2000 पुलिसकर्मियों की जरूरत है पेट्रोलिंग टीम में

महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हर प्रदेश में 500 पेट्रोलिंग टीमों के गठन का वादा किया था। एक टीम में कम से कम चार पुलिसकर्मियों की जरूरत बताई गई है। इस लिहाज से 2000 पुलिस कर्मियों की आवश्यकता होगी।

### 4000 पद नए थानों-चौकियों और दफ्तरों के लिए चाहिए

राज्य सरकार ने एक दर्जन नए थानों, पुलिस चौकियों एवं सीओ दफ्तरों की घोषणा की। नए जिलों में एसपी एवं एएपी दफ्तरों, और साइबर थानों के लिए भी नए पदों का सृजन करना होगा। इसलिए, करीब 4000 पदों की जरूरत होगी।

JOB Results Alert